रॉकी और रानी की प्रेम कहानी के दो साल पूरे

बॉलीवुड फिल्मकार करण जौहर ने अपनी निर्मित-निर्देशित सुपरहिट फिल्म %रॉकी और रानी की प्रेम कहानी% के प्रदर्शन के दो साल पूरे होने पर जश्न मनाया है.

करण जौहर की फिल्म %रॉकी और रानी की प्रेम कहानी% के प्रदर्शन के दो साल पूरे हो गये हैं. इस फिल्म में आलिया भट्ट और रणवीर सिंह की मुख्य भूमिका है. फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी के प्रदर्शन के दो साल पूरे होने पर करण जौहर ने जश्न मनाया है.

करण जौहर ने अपनी प्रोडक्शन कंपनी धर्मा प्रोडक्शन्स के इंस्टाग्राम अकाउंट से फिल्म का पुराना ट्रेलर पोस्ट किया और कैप्शन में लिखा, इस तरफ सिर्फ प्यार ही प्यार है. एक ऐसी कहानी का जश्न, जिसमें प्यार, हंसी, परिवार और इमोशन हैं. करण जौहर ने इस वीडियो को अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर भी पोस्ट किया और कैप्शन में लिखा, रॉकी और रानी की प्रेम कहानी को दो साल हो गए.

फिल्म %रॉकी और रानी की प्रेम कहानी% में रणवीर सिंह और आलिया भट्ट के अलावा, धर्मेंद्र, जया बच्चन, शबाना आजमी की भी अहम भूमिका है.

पारस 'घरवाली पेड़वाली' में निभायेंगे जीतू का किरदार!

एण्डटीवी एक नया फिक्शन शो 'घरवाली पेड़वाली' लेकर आ रहा है, जो दर्शकों को हंसाने और मनोरंजन करने के लिए पूरी तरह तैयार है. यह एक मजेदार पारिवारिक कॉमेडी शो है जिसे पेनिनसुला प्रोडक्शन्स ने बनाया है.

इस शो में हंसी के ढेर सारे पल हैं, थोड़ी उथल-पुथल है, कुछ दिल को छू लेने वाले सीन हैं और एक मजेदार सुपरनैचुरल ट्विस्ट भी है.

इस शो की कहानी जीतू नाम के एक आम इंसान के इर्द-गिर्द घूमती है, लेकिन उसका जीवन बिल्कुल भी आम नहीं है. उसे दो मांओं और दो पिताओं ने पाला है, वह एक साथ

दो बॉस के लिए काम करता है और अब हालात कुछ ऐसे बन गए हैं कि उसकी दो-दो पत्नियां हैं.

इस दिलचस्प किरदार में नज़र आएंगे टीवी के जाने-माने अभिनेता पारस अरोड़ा, जो इस शो के ज़रिए एक बार फिर कॉमेडी की दुनिया में लौट रहे हैं. पारस अरोड़ा ने अपने किरदार जीतू के बारे में बताते हुए कहा, मुझे जीतू का किरदार बहुत पसंद है, क्योंकि वह दो अलग-अलग दुनिया -घरवाली और पेड़वाली के बीच फंसा हुआ है. उसकी ज़िंदगी में जो भी हालात आते हैं, वे एक तरफ तो अजीब और मजेदार होते हैं, लेकिन दूसरी तरफ आज की ज़िंदगी से जुड़े हुए भी लगते हैं. जीतू का हर किसी से अलग रिश्ता है, जिससे उसका किरदार और दिलचस्प बन जाता है. वह कोई बहुत होशियार इंसान नहीं है, लेकिन हालात को संभालने की अपनी कोशिश में कुछ न कुछ करता रहता है. उसकी यही मासूमियत उसे और प्यारा बनाती है. इस रोल की सबसे बड़ी चुनौती यह है कि जीतू को निभाते वक्त एक अच्छा बैलेंस बनाना पड़ता है.

रश्मिका मंदाना स्टारर 'मायसा' की हुई भव्य लॉन्चिंग

जानीमानी अभिनेत्री रश्मिका मंदाना स्टारर पैन-इंडिया एक्शन ड्रामा 'मायसा' की भव्य लॉन्चिंग की गयी.

रश्मिका मंदाना अब अपने नए प्रोजेक्ट मायसा में पूरी तरह एक्शन मूड में नजर आने वाली है. मायसा एक जबरदस्त फीमेल लीड एक्शन फिल्म है, जिसका नाम और पहला पोस्टर आते ही लोगों की नजरों में आ गया है. इस फिल्म को अनफार्मूला फिल्म्स बना रहा है और इसे बड़े लेवल पर पूरे भारत में रिलीज किया जाएगा.यह फिल्म आज पारंपरिक पूजा के साथ लॉन्च हुई, जो काफी खास तरीके से रखी गई थी.

इस मौके पर फिल्म की टीम मौजूद रही. लॉन्च इवेंट में निर्माता सुरेश बाबू गरु और निर्देशक हनु राघवपुडी भी शामिल हुए. फिल्म की शूटिंग कल से हैदराबाद में शुरू होगी, जिसमें रश्मिका मंदाना पहले ही दिन से शामिल होंगी.

'मायसा' को एक इमोशनल एक्शन फिल्म बताया गया है, जिसकी कहानी गोंड जनजाति की सांस्कृतिक और सुंदर दुनिया पर आधारित है. रश्मिका इसमें एक दमदार और अलग तरह का किरदार निभा रही हैं. वह एक गोंड महिला बनी हैं, जो बेहद मजबूत और भावुक है.ऐसा किरदार उन्होंने पहले कभी नहीं किया.

फिल्म 'मायसा' को अनफॉर्मूला फिल्म्स प्रोड्यूस कर रही है और इसे राविंद्र पुल्ले ने लिखा और निर्देशित किया है.

सीरीज बकैती का ट्रेलर रिलीज़

डाइस मीडिया प्रोडक्शन निर्मित और अमीत गुप्ता निर्देशित सीरीज़ बकैती का ट्रेलर रिलीज हो गया है.

जी 5 अपनी नई स्लाइस-ऑफ-लाइफ ओरिजिनल सीरीज़ बकैती लेकर आ रहा है. डाइस मीडिया द्वारा निर्मित इस सीरीज़ से शीबा चड्ढा और राजेश तैलंग एक बार फिर माता-पिता की भूमिका में अपनी बहुप्रतीक्षित वापसी कर रहे हैं. आज रिलीज़ हुए ट्रेलर में दोनों की सहज ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री की झलक देखने को मिलती है, जो देखने वालों के लिए एक खास अनुभव बन जाती है. 卐बकैती卐 की कहानी मध्य वर्ग परिवार की उस सच्चाई को खूबसूरती से दर्शाती है, जहाँ नोकझोंक, मज़ाक-मस्ती और हल्की-फुल्की तकरारें भी प्यार जताने का एक तरीका होती हैं. चाहे झगड़े कितने भी बड़े क्यों न हो जाएं, वे हमेशा एक-दूसरे के पास वापस आ ही जाते हैं.

शीबा चड्ढा ने कहा, बकैती का हिस्सा बनना ऐसा था जैसे एक ऐसी दुनिया में कदम रखना जो बेहद जानी-पहचानी है, लेकिन जिसे इतनी सच्चाई के साथ बहुत कम बार दिखाया गया है. कटारिया परिवार उस अनकहे प्यार, रोज़मर्रा की जद्दोजहद, और चुपचाप सहने वाली ताक़त का प्रतीक है, जो न जाने कितने भारतीय घरों की पहचान है. सुषमा का किरदार निभाते हुए मुझे फिर से यह एहसास हुआ कि हँसी और प्यार उस सबसे बड़ी अव्यवस्था में भी पनप सकते हैं. मैं इस जुड़ाव भरी और सजीव कहानी को एक इतनी ही समर्पित टीम के साथ दर्शकों के सामने लाने को लेकर बेहद उत्साहित हूँ.

सनी देओल ने दलाई लामा से की मुलाकात

बॉलीवुड स्टार सनी देओल ने तिब्बती धर्मगुरु दलाई लामा से मुलाकात की है.

सनी देओल ने लद्दाख की यात्रा के दौरान तिब्बती धर्मगुरु दलाई लामा से मुलाकात की है. सनी देओल ने कहा कि दलाई लामा की मौजूदगी, उनकी बुद्धिमानी और आशीर्वाद से मन को काफी सुकून और शांति महसूस हुई गई है. सनी ने दलाई लामा के साथ जो तस्वीर इंस्टाग्राम पर डाली है, उसमें वह उनके सामने आदर से झुकते हुए नजर आ रहे हैं. साथ ही दलाई लामा सनी के हाथों को बड़े प्यार से अपने माथे पर लगाते हुए दिख रहे हैं.

सनी देओल ने इंस्टाग्राम पर दलाई लामा की फोटो शेयर करते हुए लिखा, यह एक सम्मान और आभार से भरा पल था. लद्दाख की शांत



वादियों में यात्रा करते समय मेरी मुलाकात परम पूज्य दलाई लामा से हुई. उनकी मौजूदगी, समझदारी भरी बातें और आशीर्वाद से मन को सुकून और शांति मिली. इस पल को मै कभी नहीं भूल सकता.

मन्नू क्या करेगा से डेब्यू करेगी व्योम और साची बिंद्रा की जोड़ी

व्योम और साची बिंद्रा की जोड़ी फिल्म मन्नू क्या करेगा से बॉलीवुड में डेब्यू करने जा रही है.

फिल्म मन्नू क्या करेगा, शरद मेहरा द्वारा निर्मित और संजय त्रिपाठी द्वारा निर्देशित है. इस फिल्म के जरिये दो नए चेहरे व्योम और साची बिंद्रा को लॉन्च किया गया है. इस फिल्म में विनय पाठक, कुमुद मिश्रा और चारू शंकर भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में नज़र आएंगे. इस फिल्म के संगीतकार ललित पंडित हैं. फिल्म के कुछ गीत जावेद अख्तर ने लिखे है. निर्माता शरद मेहरा ने कहा, यह फिल्म युवा प्यार, गलतियों और दूसरे मौकों का उत्सव है. यह उस जुनून के बारे में है जो हमें अपनी सबसे गहरी चाहतों के पीछे दौड़ने को मजबूर करता है. व्योम और साची स्क्रीन पर एक दुर्लभ सच्चाई लेकर आते हैं.

टॉक्सिक में खुद स्टंट करेंगे अक्षय ओबेरॉय

अक्षय ओबेरॉय, तारा सुतारिया और हुमा कुरैशी एक्शन से भरपूर पैन इंडिया फिल्म %टॉक्सिक% में अपने स्टंट्स खुद करते नज़र आएंगे.

वर्ष 2026 की सबसे बड़ी एक्शन ड्रामा फिल्मों में से एक टॉक्सिक को लेकर दर्शकों में ज़बरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है. इस हाई-ऑक्टेन फिल्म में सुपरस्टार यश लीड रोल में हैं, और उनके साथ अक्षय ओबेरॉय, तारा सुतारिया, हुमा कुरैशी और कई अन्य स्टार्स भी हैं.फिल्म को लेकर चर्चा इसलिए और भी तेज हो गई है क्योंकि इस फिल्म में सभी लीड कलाकार महिला और पुरुष दोनों अपने सारे स्टंट खुद कर रहे हैं, किसी बॉडी डबल का इस्तेमाल नहीं किया गया है.

फिल्म से जुड़े एक सूत्र ने बताया कि टॉक्सिक को एक रॉ, रियल और दमदार एक्शन फिल्म की तरह तैयार किया गया है, जहां हर स्टंट को एक्टर्स ने खुद किया है, और वो भी पेशेवर स्टंट टीम की निगरानी में.अक्षय ओबेरॉय, जो अपने फिजिकल रोल्स के लिए जाने जाते हैं, पिछले कई महीनों से कठिन एक्शन ट्रेनिंग ले रहे हैं. वहीं यश, जिन्होंने मास एक्शन सिनेमा की परिभाषा ही बदल दी है, अपने स्टंट्स खुद कर रहे हैं ताकि दर्शकों को एक दमदार विजुअल अनुभव मिल सके.फिल्म में सिर्फ मेल एक्शन ही नहीं है .तारा सुतारिया और हुमा कुरैशी भी दमदार एक्शन सीक्वेंसेज़ कर रही हैं. दोनों ने जिस तरह से फिजिकल ट्रेनिंग ली है और अपने स्टंट्स खुद किए हैं, उससे सेट पर सभी हैरान रह गए.

ज़बरदस्त एक्शन सीन्स, दमदार परफॉर्मेंस और एक्टर्स का खुद अपने स्टंट्स करना , टॉक्सिक भारतीय एक्शन सिनेमा को एक नए स्तर पर ले जाने का वादा करती है. यह फिल्म 2026 में सिनेमाघरों में रिलीज़ होगी और अभी से इंडस्ट्री की सबसे चर्चित फिल्मों में से एक बन चुकी है.



ट्रायम्फ थ्रक्सटन 400 का उत्पादन मॉडल आया नजर

ट्रायम्फ अपने 400CC पोर्टफोलियो का विस्तार करने के लिए एक बिल्कुल नई कैफे रेसर बाइक लॉन्च करने की तैयारी में है, जिसका नाम थ्रक्सटन 400 रखा जाएगा.

इस मोटरसाइकिल को पहले भी कई बार टेस्टिंग के दौरान देखा जा चुका है, लेकिन ताजा तस्वीरें इसके अंतिम उत्पादन-तैयार मॉडल की पुष्टि करती हैं.

ये तस्वीरें पुणे के पास सड़कों लॉन्च के लिए प्रचार सामग्री की शूटिंग के दौरान की हैं, जो बाइक का आधिकारिक लॉन्च करीब होने का संकेत देता है.

क्लासिक-स्पोर्टी लुक में आएगी थ्रक्सटन 400- आगामी कैफे रेसर का डिजाइन थ्रक्सटन 1200 से प्रेरित है. तस्वीर में रेड और सिल्वर रंग की पेंट स्कीम दी है, जिसमें टैंक और टेल सेक्शन पर एक क्लासिक पट्टी है.

आगे सिग्नेचर कैफे रेसर-स्टाइल हाफ फेयरिंग के साथ एक भारी-भरकम रेक्ड विंडस्क्रीन और गोल LED हेडलैंप, क्लिप-ऑन हैंडलबार, बार-एंड मिरर और स्कल्प्टेड फ्यूल टैंक इसके रेट्रो रेसिंग लुक को पूरा करते हैं.

इसके अलावा सीट काउल, थोड़े पीछे लगे फुटपेग, LED टेल लाइट और अपस्वेप्ट एग्जॉस्ट स्पोर्टी बनाते हैं.

इन सुविधाओं के साथ आएगी बाइक

थ्रक्सटन 400 के ज्यादातर हिस्से स्पीड 400 के समान हैं, जिनमें ट्यूबलर स्टील फ्रेम और बोल्ट-ऑन सबफ्रेम शामिल हैं. सस्पेंशन के लिए आगे काले रंग में स्ष्ठ फोर्क्स और पीछे गैस-चार्ज्ड मोनोशॉक यूनिट दी गई है. लेटेस्ट बाइक में दोनों सिरों पर 17-इंच के अलॉय व्हील्स, ड्यूल-चैनल ABS के साथ डिस्क ब्रेक और मल्टीफंक्शन LCD इनसेट वाला एनालॉग स्पीडोमीटर है. यह 398ष्ष सिंगल-सिलेंडर, लिक्विड-कूल्ड इंजन (40ps/37.5N m) के साथ आएगी और कीमत 2.55-2.65 लाख रुपये (एक्स-शोरूम) के बीच हो सकती है.

एमजी साइबरस्टर भारत में लॉन्च

जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने भारत में अपनी इलेक्ट्रिक स्पोर्ट्स कार साइबरस्टर लॉन्च कर दी है. यह कार एक ओपन रूफ (कन्वर्टिबल) इलेक्ट्रिक रोडस्टर है, जिसकी शुरुआती एक्स-शोरूम कीमत करीब साढ़े 72 लाख रुपये रखी गई है. लेकिन यह कीमत सिर्फ उन ग्राहकों के लिए है, जिन्होंने पहले से इस गाड़ी की बुकिंग कर रखी थी. बाकी ग्राहकों को यह कार करीब 75 लाख रुपये (एक्स-शोरूम) की कीमत पर मिलेगी. एमजी साइबरस्टर कंपनी भारत में दूसरी कार है, जिसे कंपनी अपने प्रीमियम एमजी सेलेक्ट डीलरशिप के जरिए बेचेगी.

भारत में इस कार की पहली झलक भारतीय मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025 में दिखाई गई थी, जहां इसने काफी सुर्खियां बटोरी थीं. यह भारत में एमजी की सबसे स्पेशल और यूनिक पेशकश मानी जा रही है.

लुक और डिजाइन

MG Cyberster का डिजाइन बेहद आकर्षक है. इसका लो-स्वंग (नीचे झुका हुआ) और कन्वर्टिबल बॉडी स्टाइल इसे सड़क पर अलग पहचान देता है. कार को खास इलेक्ट्रिक प्लेटफॉर्म पर तैयार किया गया है और इसका व्हीलबेस 2,690 मिमी है. पीछे की तरफ हल्का झुका हुआ बूट और सॉफ्ट लिप इसे और भी स्पोर्टी लुक देता है. इसके कंधे की लाइनें भी काफी स्मूद हैं और पूरी गाड़ी का शेप एरोडायनामिक है.

कलर ऑप्शन

यह इलेक्ट्रिक रोडस्टर भारत में चार एक्सटीरियर रंगों में उपलब्ध होगी. जिसमें कॉस्मिक सिल्वर, इंका येलो, इंग्लिश व्हाइट और डायनामिक रेड जैसे रंग शामिल हैं.

फीचर्स और डोर डिजाइन

ष्४ड्डद्गह्यह्लद्गह्म् में %सिजर स्टाइल% के दरवाजे दिए गए हैं, जो ऊपर की ओर खुलते हैं. यह भारतीय बाजार में पहली ऐसी इलेक्ट्रिक कार है, जिसमें यह फ्यूचरिस्टिक डिजाइन देखने को मिलता है. इसकी स्टाइलिंग और फीचर्स इस गाड़ी को बेहद खास बनाते हैं.

मारुति सुजुकी फ्रोंक्स में मिली 6 एयरबैग की सुविधा

मारुती सुजुकी अपने पोर्टफोलियो में 6 एयरबैग की सुविधा को मानक तौर पर विस्तार कर रही है. अब इसमें मारुति सुजुकी फ्रोंक्स जुड़ गई है. कूपे जैसी ढलान वाली छत और बेहतर सुरक्षा फीचर के साथ अब यह ज्यादा ग्राहकों को आकर्षित करने में सफल हो सकेगी.

इससे पहले तक फ्रोंक्स के सभी वेरिएंट्स में 2 एयरबैग की सुविधा दी गई थी, जो केवल आगे बैठने वाले यात्रियों के लिए ही सुरक्षा मुहैया कराते थे.

मारुति फ्रोंक्स में अब 2 फ्रंट एयरबैग के साथ अब साइड और कर्टेन एयरबैग मिलते हैं, जिससे कुल संख्या 6 हो जाती है. इससे यह साइड इफेक्ट सहित कई तरह की दुर्घटनाओं के दौरान एक अधिक सुरक्षित बन जाती है.

इससे पहले कंपनी ने मारुति सुजुकी अर्टिगा और ङ्कद्ग को भी 6 एयरबैग के साथ अपडेट किया था. कार निर्माता को उम्मीद है कि इस साल के अंत तक पोर्टफोलियो में शामिल सभी मॉडल 6 एयरबैग से लैस हो जाएगे.

इस अपडेट के साथ कार निर्माता ने गाड़ी कीमत में 0.5 फीसदी का इजाफा भी किया है, जो 3,770 से 5,990 रुपये के बीच है. अब इसकी कीमत 7.58 लाख से 12.04 लाख रुपये (कीमतें, एक्स-शोरूम) के बीच है.

नई हीरो ग्लैमर 125 की तस्वीरें लीक

दोपहिया वाहन निर्माता हीरो मोटोकॉर्प इन दिनों घरेलू बाजार के लिए कई नए मॉडल्स पर काम कर रही है. इसी के तहत ग्लैमर 125 को टेस्टिंग के दौरान देखा गया है. इससे पता चला है कि कम्यूटर बाइक में एक बड़ा अपडेट मिलने वाला है, जिसमें सेगमेंट-फर्स्ट फीचर शामिल होगा. यह सुविधा अभी तक प्रीमियम बाइक्स में ही देखने को मिलती है.

कम्यूटर बाइक में पहली बार मिलेगी यह सुविधा - इंटरनेट पर वायरल हो तस्वीरों में हीरो ग्लैमर के टेस्टिंग प्रोटोटाइप को स्पोर्ट्स क्रूज कंट्रोल के साथ दिखाया गया है. कंपनी के लाइनअप की किसी भी बाइक में यह फीचर नहीं है. क्रूज कंट्रोल एक ऐसा फीचर है, जो हाईवे टूरिंग वाली बड़ी क्षमता वाली मोटरसाइकिल्स के लिए फायदेमंद है. कम्यूटर बाइक में इसे शामिल करना कंपनी के लिए एक बड़ा बदलाव साबित हो सकता है. इसमें डिजिटल स्ष्ठ इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर भी देखा गया है, जो एक्सट्रीम 250 जैसा है.

बाइक में मिलेंगे ये भी बदलाव - इन बदलावों के अलावा अपडेटेड हीरो ग्लैमर 125 में स्नष्ठ टर्न इंडिकेटर्स भी होंगे, जो मौजूदा मॉडल में नहीं हैं. क्रूज कंट्रोल और डिजिटल इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर के साथ अपडेटेड स्विच गियर कंसोल भी मिलेगा.

इसके साथ ही आगे टेलिस्कोपिक फोर्क्स, ढकी हुई चेन, ग्रैब रेल, क्रैश गार्ड और लंबी सिंगल-पीस सीट भी दी गई है.

इंजन पहले के समान 124.7cc, सिंगल-सिलेंडर, एयर-कूल्ड (10.7bhp/10.6N m) होगा. इसकी कीमत मौजूदा मॉडल की 84,448-90,948 रुपये (एक्स-शोरूम) से अधिक होगी.